राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

दिनांक– 04.11.2026

आयोग द्वारा **संस्कृत शिक्षा विभाग** हेतु **राजस्थान संस्कृत शिक्षा (महाविद्यालय शाखा) सेवा नियम, 2022** के अन्तर्गत आयोजित **सहायक आचार्य प्रतियोगी परीक्षा–2024** के सम्बन्ध में माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय, जयपुर द्वारा डी.बी. सिविल रिट याचिका संख्या 7120/2025 तथा सम्बद्ध 02 अन्य याचिकाओं में पारित समेकित आदेश दिनांक 24.09.2026 की पालना में उक्त परीक्षा के Yoga Vigyan विषय की लिखित (Objective Type) परीक्षा के जारी किये गये परिणाम दिनांक 23.12.2025 के क्रम में संशोधित परिणाम जारी किया जा रहा है।

उक्त संशोधित परिणाम के अन्तर्गत न्यूनतम उत्तीर्णांक प्राप्त 01 अतिरिक्त अभ्यर्थी रोल नम्बर–2047059 को साक्षात्कार हेतु पूर्णतः अस्थाई (Purely Provisional) रुप से सफल घोषित किया जाता है।

उपरोक्तानुसार साक्षात्कार हेतु अस्थाई रुप से सफल घोषित किये गये उक्त अभ्यर्थी को सूचित किया जाता है कि वह विस्तृत आवेदन पत्र **आयोग की वेबसाईट https://rpsc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कर उसे पूर्ण रुप से भरकर (02 प्रतियों में), समस्त शैक्षणिक/प्रशैक्षणिक, जाति एवं अन्य वांछित प्रमाण–पत्रों की फोटो प्रति के दिनांक 14.11.2026 तक आवश्यक रुप से आयोग कार्यालय में भिजवा देवें।**

उक्त अभ्यर्थी की पात्रता की जांच विज्ञापन की शर्तो के अनुसार किये जाने पर पात्र पाये जाने पर साक्षात्कार हेतु आमन्त्रित किया जाएगा। साक्षात्कार की तिथि के सम्बन्ध में यथा समय अवगत करवा दिया जाएगा।

(आशुतोष गुप्ता)
सचिव